सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
https://www.facebook.com/sabgurunews/
https://www.sabguru.com/
https://www.youtube.com/channel/UCCcLl90UP-prqTinNwqLIX7g/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

खबरों के लिए स्कैन करें

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 1 | अंक 14 | अजमेर, बुधवार 10 जनवरी 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा राम मंदिर विकास और विरासत की साझा ताकत स्पष्ट दिख रही है

आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। दुनिया में कोई भी देश होए अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है तो उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है हमें सही मार्ग दिखाती है। इसलिए आज का भारत पुरातन और नूतन दोनों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब अयोध्या में राम लला टैंट में विराजमान थेए लेकिन आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है। अयोध्या यानि वह भूमि जहां कभी युद्ध न हुआ हो। ऐसी भूमि पर कलयुग में एक लंबी लड़ाई चली और त्रेतायुग में पैदा हुए रघुकुल गौरव भगवान श्रीराम को आखिरकार छत नसीब होने वाली है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझाकर मुद्दे में तब्दील कर देती हैए रामजन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आजादी मिलने के समय सोमनाथ मंदिर के साथ ही यह विषय हल हो जाता तो कितना अच्छा होता। आक्रमणकारियों द्वारा भारत के मंदिरों के साथ क्या किया गयाए यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है। किंतु उन हजारों मंदिरों की जगहए अयोध्या की जन्मभूमि को नहीं रखा जा सकता। एक ऐतिहासिक अन्याय की परिणति आखिरकार ऐतिहासिक न्याय ही होता है। यह बहुत संतोष की बात है कि भारत की न्याय प्रक्रिया के तहत आए फैसले से मंदिर का निर्माण संपन्न हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अर्थ में गौरवशाली हैं कि उनके कार्यकाल में इस विवाद का सौजन्यतापूर्ण हल निकल सका और मंदिर निर्माण हो सका।इस आंदोलन से जुड़े अनेक नायक आज दुनिया में नहीं हैं। उनकी स्मृति आती है। मुझे ध्यान है उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नेता और मंत्री रहे श्री दाऊदयाल खन्ना ने मंदिर के मुद्दे को आठवें दशक में जोरशोर से उठाया था। उसके साथ ही श्री अशोक सिंहल जैसे नायक का आगमन हुआ और उन्होंने अपनी संगठन क्षमता से इस आंदोलन को जनांदोलन में बदल दिया। संत रामचंद्र परमहंस महंत अवैद्यनाथ जैसे संत इस आंदोलन से जुड़े और समूचे देश में इसे लेकर एक भावभूमि बनी। तब से लेकर आज तक सरयू नदी ने अनेक जमावड़े और कारसेवा के प्रसंग देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले के बाद जिस तरह का संयम हिंदू समाज ने दिखाया वह भी बहुत महत्त्व का विषय है। क्या ही अच्छा होता कि इस कार्य को साझी समझ से हल कर लिया जाता। किंतु राजनीतिक आग्रहों ने ऐसा होने नहीं दिया। कई बार जिदें कुछ देकर नहीं जातीं भरोसा सद्भाव और भाईचारे पर ग्रहण जरुर लगा देती हैं।दुनिया के किसी देश में यह संभव नहीं है उसके आराध्य इतने लंबे समय तक मुकदमों का सामना करें। किंतु यह हुआ और सारी दुनिया ने इसे देखा। यह भारत के लोकतंत्र उसके न्यायिक.सामाजिक मूल्यों की स्थापना का समय भी है। यह सिर्फमंदिर नहीं है जन्मभूमि हैए हमें इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। विदेशी आक्रांताओं का मानस क्या रहा होगा कहने की जरूरत नहीं है। किंतु हर भारतवासी का राम से रिश्ता हैए इसमें भी कोई दो राय नहीं है। वे हमारे प्रेरणापुरुष हैं इतिहास पुरुष हैं और उनकी लोकव्याप्ति विस्मयकारी है। ऐसा लोकनायक न सदियों में हुआ है और न होगा। लोकजीवन में साहित्य में इतिहास मेंए भूगोल में हमारी प्रदर्शनकलाओं में उनकी उपस्थिति बताती है राम किस तरह इस देश का जीवन हैं।

राम शब्द संस्कृत की राम क्रीड़ायाम धातु से बना है अर्थात हरेक मनुष्य के अंदर रमण करने वाला जो चैतन्य.स्वरूप आत्मा का प्रकाश विद्यमान है वही राम है। राम को शील.सदाचार, मंगल.मैत्री, करुणा,क्षमा, सौंदर्य और शक्ति का पर्याय माना गया है। कोई व्यक्ति सतत साधना के द्वारा अपने संस्कारों का परिशोधन कर राम के इन तमाम सद्गुणों को अंगीकार कर लेता हैए तो उसका चित्त इतना निर्मल और पारदर्शी हो जाता है कि उसे अपने अंतकरण में राम के अस्तित्व का अहसास होने लगता है। कदाचित यही वह अवस्था है जब संत कबीर के मुख से निकला होगा।

## राजस्थान में भजन लाल सरकार के मंत्रियों को विभागों का बंटवारा



जयपुर। राजस्थान में बहुप्रतीक्षित भजनलाल सरकार के मंत्रियों को शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया गया और मुख्यमंत्री ने गृह विभाग सहित आठ विभाग अपने पास रखे हैं तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को वित्त विभाग सहित छह विभाग दिए गए जबकि उपमुख्यमंत्री डा प्रेम चंद बैरवा को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग सहित चार विभागों की जिम्मेदारी दी गई हैं।शर्मा ने गृह विभाग के अलावा कार्मिक, आबकारी आयोजना सामान्य प्रशासनए नीति निर्धारण प्रकोष्ठ ;मुख्यमंत्री सचिवालय सूचना एवं जनसंपर्क एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो विभाग अपने पास रखे हैं जबकि दिया कुमारी को महत्वपूर्ण वित्त विभाग के अलावा पर्यटन विभाग, कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व सार्वजनिक निर्माण महिला एवं बालविकास तथा बाल अधिकारिता विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है।

इसी तरह डा बैरवा को परिवहन विभाग के साथ तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा यूनानी सिद्धा एवं हौम्योपैथी ;आयुष विभाग दिया गया हैं।इनके अलावा कैबिनेट मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के साथ ग्रामीण विकास आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा एवं जन अभियोग निराकरण विभाग सौंपा गया जबकि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर को महत्वपूर्ण चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं ;ईएसआई विभाग की जिम्मेदारी दी गई हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा के पास गृह और आबकारी विभाग हैए तो वहीं डिप्टी सीएम दीया कुमारी को वित्तए पर्यटन सहित 6 विभाग दिए गए हैं डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन के साथ 4 और विभागों की जिम्मेदारी मिली है। कृषिए ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन के मंत्री किरोड़ीलाल मीणा बनाए गए हैं।अब तक डिप्टी सीएम को राजस्थान में विभाग नहीं दिए जाते थे। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के दौरान भी सचिन पायलट जब उपमुख्यमंत्री थे। तब उनके पास कोई भी विभाग नहीं था लेकिन सूत्रों के अनुसार भजनलाल शर्मा ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी को सरकार का सबसे महत्वपूर्ण वित्त विभाग दिया है। साथ ही उन्हें सार्वजनिक निर्माण ;पीडब्ल्यूडी विभाग भी दिया है। दूसरे डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को परिवहन विभाग का जिम्मा सौंपा गया है।

पूर्व राज्यसभा सांसद और कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग दिया गया है। हालांकि मंत्रिमंडल को दिए जाने वाले विभागों की सूची आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की गई है लेकिन सूत्रों के मुताबिक इन मंत्रियों को ये महत्वपूर्ण विभाग दिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा समेत सभी मंत्रियों को विभागों का बंटवारा हो चुका है। इनमें गजेंद्र सिंह खींवसर को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है। अविनाश गहलोत को नगरीय विकास मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को उद्योग मंत्री दीया कुमारी को वित्त और पीडब्ल्यूडी के साथ पर्यटन विभाग का चार्ज दिया गया है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को परिवहन मंत्री बनाने, हीरालाल नागर को ऊर्जा मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल मीणा को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभागए संजय शर्मा को वन मंत्री और कन्हैयालाल चौधरी को पीएचईडी मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है।इसी तरह कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को भी उद्योग एवं वाणिज्य विभाग सहित पांच विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। राठौड़ को उद्योग के साथ सूचनाए प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले और खेल विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता तथा सैनिक कल्याण विभाग दिया गया है। कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर को पंचायती राज, विद्यालयी शिक्षा विभाग स्कूल एजुकेशन एवं संस्कृत शिक्षा विभाग का जिम्मा सौंपा गया जबकि कन्हैया लाल चौधरी को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भू.जल विभाग दिया गया है।

इसी प्रकार कैबिनेट मंत्री जोगाराम पेटल को संसदीय कार्य विभागए विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय विभाग तथा न्याय विभाग की जिम्मेदारी दी गई हैं। कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत को जल संसाधन विभाग एवं जल संसाधन ;आयोजना विभाग तथा अविनाश गहलोत को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सुमित गोदारा को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा उपभोक्ता मामले विभाग दिया गया हैं। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत को पशुपालन एवं डेयरी विभागए गोपालन विभाग एवं देवस्थान विभागए श्री बाबू लाल खराड़ी को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं गृह रक्षा विभाग जबकि हेमंत मीणा को राजस्व विभाग एवं उपनिवेशन विभाग सौंपा गया हैं।

राज्य मंत्री ;स्वतंत्री प्रभार मंत्रियों में सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी को कृषि विपणन विभाग, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग एवं अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फविभागए संजय शर्मा को वन विभाग, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, गौतम कुमार दक को सहकारिता विभाग और नागरिक उड्डयन विभाग झाबर सिंह खर्रा को नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग जबकि हीरा लाल नागर को ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

इसी तरह राज्य मंत्रियों में ओटाराम देवासी को पंचायती राज विभागए ग्रामीण विकास विभाग एवं आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाए डा मंजू बाघमार को सार्वजनिक निर्माण विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बाल अधिकारिता विभागए विजय सिंह चौधरी को राजस्व विभागए उपनिवेशन विभाग और सैनिक कल्याण विभाग कृष्ण कुमार केके विश्नोई को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, युवा मामले और खेल विभागए कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग तथा नीति निर्धारण विभाग जबकि जवाहर सिंह बेढम को गृह विभागए गोपाल विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के साथ मत्स्य विभाग सौंपा गया है।

## राम मंदिर की नींव में राजस्थान के 50 से अधिक मंदिर व तीर्थ क्षेत्रों की मिट्टी

### ◆ देशभर के ढाई हजार से अधिक क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी का उपयोग ◆ जयपुर के मोतीडूंगरी गणेश व गोविंद देव जी मंदिर शामिल

जयपुर। राजस्थानियों के लिए गौरव की बात है कि राम मंदिर की नींव में राजस्थान के पचास से अधिक मंदिरए मठए आश्रम और तीर्थ क्षेत्रों की ब्रज कणष् डाली गई है। छोटी काशी के नाम से विख्यात राजधानी जयपुर के प्रसिद्ध श्री राधागोविंद देव जी मंदिर और मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के अलावा तपोभूमि गलता तीर्थए हल्दीघाटीए चित्तौड़गढ़ए मेहंदीपुर बालाजीए त्रिनेत्र गणेश व डिग्गी कल्याण जी की मिट्टी का उपयोग नींव तैयार करने में किया गया है।इतिहास में मीरा की भक्तिए महाराणा प्रताप के पराक्रम और वीर सपूतों के शौर्य के लिए विश्व प्रसिद्ध राजस्थान की माटी अब अयोध्या में निर्मित रामलला मंदिर की नींव की मजबूती में अपने योगदान के लिए याद रखी जाएगी। मंदिर के हरेक भाग में राजस्थानी रज अपनी सुगंध बिखेरेगी।

देश के ढाई हजार से अधिक क्षेत्रों से आई मिट्टीः-यदि पूरे देशभर के तीर्थ स्थानों व मंदिरों की बात की जाए तो नींव को मजबूत बनाने में 2 हजार 587 क्षेत्रों की मिट्टी का उपयोग किया गया है। हजारों साल तक राम मंदिर सुरक्षित खड़ा रहेए इसलिए इसकी नींव के निर्माण का कार्य लगभग पांच महीनों तक चला। मंदिर निर्माण के लिए जमीन की 50 फीट गहराई में कांक्रीट की आधारशिला रखी गई। जिसकी 2.77 एकड़ भूमि पर भव्य राम मंदिर बन रहा है।

राजस्थान में यहां से एकत्रित हुई मिट्टीः-जयपुर से मोती डूंगरी गणेशजीए गोविंद देवजीए गलता पीठए घाट के बालाजी, शिलामाता, झूलेलाल मंदिर अमरापुर, श्री ताड़केश्वर महादेव मंदिरए त्रिवेणी धामए शाकंभरी माता सांभरए 'वाला माता मंदिर जोबनेरए वीर हनुमान मंदिर सामोदए पंचखंड पीठ विराटनगरए सीकर जिले से खाटूश्याम जीए रेवासा पीठए जीणमाता मंदिरए चूरू जिले से सालासर बालाजीए ददरेवा धाम राजगढ़ए झुंझुनूं जिले से रानी सती मंदिरए सूर्य मंदिर लोहार्गलए शाकंभरी माता मंदिर उदयपुरवाटीए अलवर जिले से भर्तृहरि धाम पांडुपोलए करौली जिले से मदन मोहन जी मंदिरए कैला माता मंदिर।

# कांग्रेस ने लोकसभा की सभी सीटों पर समन्वयक किए नियुक्त

नई दिल्ली। कांग्रेस ने 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर देश की सभी लोकसभा सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभी समन्वयकों के नाम को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने के लिए कहा है।उन्होंने बताया कि पार्टी ने उत्तर प्रदेश कर सहारनपुर में अहमद हामिदए रामपुर में हाजी इमरान कुरैशीए गौतमबुद्ध नगर में डोली शर्माए झांसी में अभिमन्यु सिंहए मेरठ से संजीव शर्माए गाजियाबाद से सचिन चौधरीए अयोध्या में आलोक प्रसादए इटावा में जेपी पालए सुल्तानपुर में राम किशुन पटेलए रायबरेली में इंदल रावतए अमेठी में मनीष मिश्राए लखनऊ में सुभाष पालए पीलीभीत में इमरान अली को समन्वयक बनाया है।राजस्थान के गंगानगर में दिनेश कसवाए चूरू में हाकम अलीए जयपुर ग्रामीण में हर सहाय यादवए अलवर में धर्मेंद्र राठौरए दौसा में ममता भूपेशए जोधपुर में महेंद्र चौधरीए उदयपुर में रामलाल मीणा तथा कोटा में मुरारीलाल मीणा को समन्वयक बनाया है।मध्य प्रदेश की मुरैना सीट पर जयवर्धन सिंहए ग्वालियर विपिन वानखेड़ेए विदिशा में हर्ष यादवए भोपाल प्रियव्रत सिंहए उ'जैन बाबूलाल यादवए इंदौर में बाला बच्चन तथा खंडवा में आर डोगरा को समझ में नियुक्त किया गया है।बिहार में पश्चिम चंपारण में उमर सैफुल्लाह खानए पूर्वी चंपारण में चंद्र प्रकाश सिंहए सीतामढ़ी में मोहम्मद नौशादए किशनगंज में केसर कुमार सिंहए मधेपुरा में नरेश यादवए मुजफ्फरपुर में नरेंद्र कुमारए गोपालगंज में सुधा मिश्राए भागलपुर में राजकिशोर सिंहए नालंदा में विनोद यादव ठस पटना साहिब में नागेंद्र पासवान को समन्वयक बनाया है।

पार्टी ने महाराष्ट्र में जलगांव सीट पर यशोमती ठाकुरए वर्धा में डॉ नितिनए नागपुर में प्रो वीरेंद्र जगतापए नांदेड़ में रजनी पाटिलए औरंगाबाद में सुरेश वारपुढकरए नाशिकक में अमित देशमुखए मुंबई उत्तर में मधु चौहानए मुंबई नॉर्थ ईस्ट में बलदेव कोसाए मुंबई नॉर्थ सेंटर में अमीन पटेलए मुंबई दक्षिण में अशोक यादव और मुंबई पश्चिम के लिए वीरेंद्र बक्शी को बनाया गया है जबकि पुणे में यह जिम्मेदारी विश्वजीत कदम और लातूर में संग्राम थोपले को दी गई है।छत्तीसगढ़ में रायगढ़ सीट पर मधु सिंहए कोरबा सीट पर सुभाष धुप्पडए राजनांदगांव में दीपक दुबेए बिलासपुर में पियूष कोराए दुर्ग में पदम कोठारी तथा रायपुर में राजेंद्र साहू को यह जिम्मेदारी सौंप गई है।हरियाणा में अंबाला सीट की जिम्मेदारी भीम सिंह मेहताए कुरुक्षेत्र की जगबीर मलिकए सोनीपत में रामकिशन फौजीए गुड़गांव में बीएल शर्माए हिसार में बीबी तथा फरीदाबाद में आफताब अहमद को बनाया गया है।



झारखंड में दुमका सीट पर सुल्तान अहमदए छपरा में जयशंकर पाठकए गिरिडीह में शहजाद अनवरए धनबाद में बन्ना गुप्ताए रांची में के सी महतोए कमलेश को बनाया गया है। उन्होंने बताया की हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा सीट पर निगम भंडारीए मंडी में जनरल डीबीएस राणाए हमीरपुर में कुलदीप कुमार तथा शिमला में नरदेव कंवर को यह जिम्मेदारी सौंप गई है।उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल सीट के लिए मंत्री प्रसाद नैथानीए पौड़ी गढ़वाल के लिए विक्रम सिंह नेगीए अल्मोड़ा में जीतरामए उधम सिंह नगर में गोविंद सिंह कुंजवाल तथा हरिद्वार सीट पर गणेश को गोदीयाल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने गुरचरण दास कल को चंडीगढ़ लोकसभा सीट का समन्वयक बनाया है।कांग्रेस ने दिल्ली में समन्वयक की जिम्मेदारी चांदनी चौक से परवेज मियांए उत्तरी दिल्ली से अमित मलिकए पूर्वी दिल्ली से छतर सिंहए नई दिल्ली सीट पर प्रेमांश सिंहए उतर. पश्चिमी दिल्ली पर जितेंद्र बघेलए पश्चिमी दिल्ली में नीरज बसोया तथा दक्षिणी दिल्ली की जिम्मेदारी कमलकांत शर्मा को सौंपी है। जम्मू कश्मीर में बारामूला सीट के जिम्मेदारी गुलाम नबी मंगाए श्रीनगर हाजी राशिद दारए अनंतनाग राजौरी की योगेश साहनीए उधमपुर रविंद्र शर्मा तथा जम्मू में नरेश कुमार गुप्ता और लद्दाख में कैप्टन सेफल को सौपी गई है।

कांग्रेस ने पंजाब की गुरदासपुर सीट से इंदर सिंहए अमृतसर से सुखपाल सिंह भुल्लरए जालंधर से सुखविंदर सिंह सरकारियाए होशियारपुर से अश्वनी शर्माए आनंदपुर साहब से पवन आदित्यए लुधियाना से राजकुमार छबिरवालए फरीदकोट सीट पर किशन कुमार अग्रवाल तथा पटियाला सीट पर गुरु कीरत सिंह को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है।पार्टी ने आंध्र प्रदेश की विशाखापट्टनम सीट के लिए के श्रीनिवासए काकीनाडा सीट पर के नायडूए मछलीपट्टनम से के कुमारए विजयवाड़ा से डीएम मोहनरावए गुंटूर से जी उमाशंकरए तिरुपति से शेख नजर अहमद तथा चित्तूर सीट पर डॉ रेड्डी को समन्वयक बनाया गया है।पार्टी ने गुजरात की कच्छ सीट पर गुलाब सिंह राजपूतए बनासकांठा सीट के लिए बलदेवजी ठाकुरए मेहसाणा सीट पर जीतू भाई पटेलए साबरकांठा से सीजे छबदाए गांधीनगर सीट पर अमीबेन याज्ञनिकए अहमदाबाद पूर्व से निशीत व्यासए अहमदाबाद पश्चिम से रघु भाई देसाईए राजकोट से पुंजाभाई बैदए बड़ोदरा से राजेंद्र सिंह परमार भरूच से टी चौधरी सूरत सीट पर अनुज पटेल को समन्वयक बनाया है।

कांग्रेस ने कर्नाटक की गुलबर्ग सीट पर प्रियंक खरगेए बिलारी सीट पर भी नागेंद्र धारवाड़ में संतोष लाडए शिमोगा से मधु बंगारप्पा चिकमगलूर से एच सी महादेवप्पा बैंगलोर ग्रामीण सीबी एस सुरेश बैंगलोर उत्तर से कृष्णा बारेगोड़ाए मध्य बेंगलुरु से जमीर अहमद खान तथा दक्षिण बेंगलूरु से रामलिंग रेड्डी को समन्वयक बनाया गया है।केरल की कन्नूर सीट पर यह जिम्मेदारी एन सुबरमैया कोए वायनाड सी पर पॉइंट मैथ्यूए कोझिकोड पर सोनी सेबेस्तियन तथा मल्लपुरम में सी बी बालाचंद्रन को दी गयी है। ओडिशा की क्योंझर सीट पर विष्णु बारिकए कटक सीट पर सरस्वती हेंब्रमए जगन्नाथ पुरी सीट पर पंचानन कानून कोए पूरी सीट पर शिवनंद रायए भुवनेश्वर की सीट पर रविंद्र मलिक को जिम्मेदारी दी गई है।पश्चिम बंगाल की कुछ बिहार सीट से अली इमरान रमज़ए जलपाईगुड़ी सीट पर शांतनु देवनाथए दमदम सीट से आशिक मित्रए कोलकाता दक्षिण से निलवाए प्रमाणिकए कोलकाता उत्तर से दीप्तिमान घोषए हावड़ा से प्रीतम घोषए हुगली से कृष्ण देवनाथए पुरुलिया सीट पर अभिजीत भट्टाचार्य तथा आसनसोल सीट से मिल्टन रशीद को समन्वयक बनाया गया है।कांग्रेस ने तेलंगाना की चेन्नई उत्तर सीट से एस एम हिदायतुल्लाहए दक्षिणी चेन्नई सडी सेलवमए चेन्नई मध्य से लक्ष्मी रामचंद्रनए श्रीपेरंबदूर से टीम मुरूगननाथम और तेलंगाना की करीमनगर सीट पर पी प्रभाकरए निजामाबाद सीट पर टीजे रेड्डीए मेंढक से दी राज नरसिंहए सिकंदराबाद तथा हैदराबाद सीट से बी वी मालू कोसमों को समन्वयक बनाया है।पार्टी ने मेघालय की शिलांग सीट से संजय दासए मणिपुर की दोनों सीटों के लिए एम ओकेंद्रो तथा मोहम्मद फैजेर रहीमए मिजोरम के लिए एल लालटेनए नागालैंड की उत्तरी सीट के लिए एल झिमोमीए पूर्वी सीट के लिए दी एवेनो तथा दक्षिणी सीट के लिए के थेरनों को सामान्य बनाया है।

## टोंक में सरपंच व उसका दलाल एक लाख 80 हजार की रिश्वत लेते अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबीने रविवार को टोंक जिले में



सरपंच एवं उसके दलाल को एक लाख 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ;कार्यवाहक महानिदेशक ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की टोंक इकाई को शिकायत की कि उसकी फर्म मैसर्स बालाजी ट्रेडर्स द्वारा मालपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सीतारामपुरा में वर्ष 2022-23 में मैटेरियल सप्लाई के कार्यों के लंबित बिलों एवं टीडीएसए जीएसटी के रिफण्ड बिलों को पास करने तथा पूर्व में पास किए गए बिलों के कमीशन के रुप में सरपंच प्रदीप शर्मा दो लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे है।

इस पर एसीबी जयपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक रणधीर सिंह के सपुरविजन में एसीबी टोंक इकाई ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद की गई ट्रेप कार्यवाही में सरपंच प्रदीप शर्मा और उसके दलाल रामनरेश सैनी को परिवादी से एक लाख 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरापियों के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी की जा रही है।

## कांग्रेस ने रेप आरोपी मेवाराम जैन को प्राथमिक सदस्यता से किया निलंबित



बाड़मेर/जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस ने बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन को दुष्कर्म के आरोप के चलते कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार देर रात आदेश जारी कर जैन की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दी। आदेश में कहा गया है कि जैन के अनैतिक कार्य से स्पष्ट होता है कि उन्होंने कांग्रेस के संविधान के खिलाफ आचरण किया है।उल्लेखनीय है कि एक महिला ने पिछले दिनों जोधपुर के राजीव नगर थाने में जैन सहित नौ लोगों के खिलाफ एससी.एसटीए सामूहिक दुष्कर्मए पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया था। जैन तीन बार विधायक और नगरपालिका के अध्यक्ष रह चुके है।

## जाट समुदाय ने आरक्षण की मांग को लेकर दिया 10 दिनों का अल्टीमेटम

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर एवं धौलपुर जिले में जाट समुदाय को आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार को 10 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए दिल्ली.मुंबई रेल मार्ग पर यातायात ठप करने की चेतावनी दी गई है।आरक्षण संघर्ष समिति के वैनर तले डीग जिले के जनूथर कस्बे में भूतेश्वर मंदिर मैदान पर आज आयोजित जाट समाज की हुंकार सभा में समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि भरतपुर.धौलपुर के जाटों को आरक्षण नहीं दिया तो 17 जनवरी को गांव जयचोली ;भरतपुरद्ध के पास दिल्ली.मुंबई रेलवे ट्रैक पर महापड़ाव डाला जाएगा। जयचोली से शुरू होने बाले इस महापड़ाव के बाद भी अगर केंद्र सरकार नहीं मानी तो दूसरा पड़ाव बेडम ;डीगद्ध और तीसरा रारह में होगा।

उन्होंने कहा कि दूसरे और तीसरे पड़ाव की तारीख अभी तय नहीं की गई है। पहले रेल रोकेंगे इसके बाद रोड जाम करेंगे। जाट




समाज की इस हुंकार सभा में बड़ी संख्या में भरतपुर.धौलपुर के जाट समाज के लोग मौजूद थे। हुंकार सभा को तत्कालीन गहलोत सरकार के पूर्व केविनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं भाजपा से विद्रोह कर हाल ही के विधानसभा चुनाव में बयाना से निर्दलीय विधायक चुनी गई ऋतु बनाबत के अलावा बड़ी संख्या में जाट नेताओं ने सम्बोधित किया।

## 11 यजमानों की मौजूदगी में शुरू होगा श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में 16 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराने के लिए 11 यजमानों से मूर्ति निर्माण स्थल से पूजन का शुभारम्भ शुरू होगा।विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी ने सोमवार को यहां बताया कि श्रीरामलला की मूर्ति का जिस कुटिया में निर्माण किया गया हैए 16 जनवरी को पूजन का प्रारंभ इसी कर्म कुटी से होगा। इसके बाद मूर्ति का निर्माण करने वाले शिल्पी का प्रायश्चित पूजन होगा।

उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को श्री विग्रह का परिसर भ्रमण कराया जाएगा तथा गर्भगृह का शुद्धिकरण होगा। 18 जनवरी से अधिवास प्रारंभ होगाए दोनों समय जलाधिवास होगा। इसके साथ ही सुगंधि और गंधाधिवास भी होगा। 19 जनवरी को प्रातरू फ्ल अधिवास और शाम को धान्य अधिवास होगा। इसी तरह 20 जनवरी को सुबह पुष्प और रत्न अधिवासए शाम को घृत अधिवास होगा।

तिवारी के अनुसार 21 जनवरी को प्रातरू शर्कराए मिष्ठान और मधु अधिवास होगा। शाम को औषधि और शय्या अधिवास होगा। भगवान राम सूर्यवंशी हैं और आदित्य भी द्वादश हैं इसलिए द्वादश अधिवास हो रहे हैं। इसके अलावा 16 से 22 जनवरी तक चतुर्वेद यज्ञ होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ब्रह्मा गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ए प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षितए सुनील दीक्षितए गजानंद जोगकरए अनुपम दीक्षितए घटाटे गुरुजी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। इसमें 11 यजमान होंगे।उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को मध्य दिवस में श्रीराम लला के विग्रह की आंखों से पट्टी खोली जाएगी और उन्हें दर्पण दिखाया जाएगा।

# देवनानी ने दिए अजमेर में पुलिस कमिश्नरेट बनाने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

## पुलिस व प्रशासन सहित विभिन्न विभागों से की चर्चा, जलापूर्ति में सुधार नहीं होने पर जलदाय विभाग को फटकारा



अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अजमेर में कमिश्नरेट बनाने के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाएं। अजमेर की पुलिसिंग को और ज्यादा मजबूत करने के लिए नए थाने खोलनेए चौकी बनाने आदि प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं।विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अजमेर के विकास को लेकर प्रशासन और पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार से अजमेर की पुलिसिंग बेहतर करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने अजमेर को पुलिस की दृष्टि से और अधिक मजबूत बनाने के लिए यहां कमिश्नरेट बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे शहर और जिले की पुलिसिंग को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने अजमेर में हरिभाउ उपाध्याय नगर में नया पुलिस थाना और आगरा गेट व दरगाह सम्पर्क सड़क पर नई पुलिस चौकी के प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए।

शहर के विकास के लिए कलक्टर से चर्चा

देवनानी ने शहर के विकास के लिए कलक्टर डॉण् भारती दीक्षित से चर्चा की। देवनानी ने कलक्टर को निर्देश दिए कि एलीवेटेड रोड के नीचे और दोनों तरफसड़क को सुधारा जाए। इसके लिए आरएसआरडीसी के अफसरों को बुला कर समयबद्ध कार्य किया जाए। आमजन से सीधे जुड़े सभी विभागों के अफसरों के आधिकारिक फोन नम्बर मीडिया व सोशल मीडिया के जरिए सार्वजनिक किए जाएं ताकि समस्या होने पर जनप्रतिनिधि व आमजन सीधे सम्पर्क कर सकें।इसमें बिजलीए पानीए सड़कए एडीए व नगर निगम सहित अन्य विभागों के अफसरों के नम्बर शामिल किए जाएं। भूणाबाय में आवंटित जमीन को कायड़ में आवंटित किया जाए। आनासागर झील और बांडी नदी में सफाई करवा कर जलकुंभी हटाई जाए। विभिन्न नालों की मरम्मत कराई जाए। शिव मंदिर चौपाटी से सागर विहार चौपाटी पर बाइक और स्कूटर संचालन पर रोक लगाई जाए। चौरासियावास तालाब के डूब क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर सख्ती से रोक लगाई जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन आगामी 100 दिन की कार्ययोजना के तहत काम करे। इस अवधि में अजमेर उत्तर क्षेत्र में साइंस पार्कए मेडिकल कॉलेज कायड़ और जेएलएन अस्पताल में विभिन्न वार्डों के काम प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। इसी तरह पृथ्वीराज नगर आवासीय योजना से अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाए जाएं। आवंटियों को भूखण्ड का कब्जा संभलवाया जाए।

### पेयजल व्यवस्था पर जताई नाराजगी अफसरों को फटकारा

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लोहागलए माकड़वालीए पंचशीलए हरिभाऊए हाथी भाटाए गणेश गुवाड़ीए फॅायसागर रोड और कई जगहों पर 72 से 96 घण्टे में जलापूर्ति हो रही है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि में शहर में 48 घण्टे में पेयजल आपूर्ति शीघ्र नहीं हुई तो अफसर कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

बीसलपुर से अजमेर आ रही सीमेण्टेड पाइप लाइन की मियाद 2021 में समाप्त हो चुकी है। इसे बदलकर स्टील की लाइन बिछाने का प्रस्ताव राजस्थान सरकार को भिजवाएं। केन्द्र सरकार की अमृत योजना.2 से राशि 186 करोड़ की लागत से 16 पानी की टंकी एवं 7 पम्प हाउस के निर्माण से अवगत कराएं। विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत 10 ट्यूबवेल और 40 हैण्डपम्पों में से शेष रहे ट्यूबवैल व हैण्डपम्पों को शीघ्र खुदवाने का कार्य कराएं।

क्षेत्र में 48 घंटे में पेयजल सप्लाई का वितरण व्यवस्था को समुचित समय पर सुनिश्चित करें एवं इसका शेड्यूल अखबार में छपवाने की व्यवस्था करें ताकि क्षेत्र की जनता को पेयजल आपूर्ति से अवगत हो सके। पूरे शहर में जगह.जगह लीकेज की समस्या का समाधान करें ताकि क्षेत्र की जनता को पेयजल मिल सके।

देवनानी ने कहा कि बिजली ट्रिपिंग की समस्या से हो रही परेशानी से निजात के लिए बैकअप या अन्य कोई व्यवस्था करें। अमृत योजना तृतीय के प्रस्ताव को तैयार करें। बल्क मीटर लगवाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करे ताकि समान जल वितरण को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय बीसलपुर को चंबल नदी से जोड़ने की जो प्रयोजना प्रस्तावित थी उस पर कार्य योजना बनाकर सरकार को प्रस्तुत करें।शहर में मीठे पानी के स्त्रोत खोजकर उनका जीर्णोद्धार कराएं ताकि क्षेत्र की जनता को पीने का पानी प्राप्त हो सके। उन्होंने गर्मियों में जल वितरण के लिए फॅायसागर से जलापूर्ति की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। इसी तरह अमृत योजना में रातीडांग पानी की टंकीए जल जीवन मिशन के तहत लोहागल व माकड़वाली पानी की टंकी पर भी चर्चा की गई।

### एडीए के अधिकारी को कक्ष से बाहर निकाला

विधानसभा अध्यक्ष कामकाज में सुस्त रफ्तार पर अजमेर विकास प्राधिकरण के अफसरों से भी नाराज हुए। उन्होंने कहा कि एडीए ने विधायक कोष के काम लम्बे समय से अटका रखे हैं। फॅायसागर रोड़ पर नाली निर्माण का काम दो साल से अटका हुआ है। बार.बार काम रोक दिया जाता है। उन्होंने जिम्मेदार अधिशासी अधिकारी को कक्ष से बाहर जाने और आइन्दा समय पर काम करने की हिदायत दी। देवनानी ने एडीए के अन्य कामों की भी समीक्षा की।




# तीन दिवसीय 58वां पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक सम्मेलन सम्पन्न

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय 58वें पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हो गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाग लिया और इसमें देश में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनानेए आतंरिक सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी गत शुक्रवार को जयपुर पहुंच गये थे और इसके अगले दिन शनिवार को उन्होंने सम्मेलन में भाग लिया। प्रधानमंत्री सम्मेलन के दूसरे दिन पूरे दिन सम्मेलन में रहे और इस दौरान पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षकों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनसे संवाद किया। मोदी ने सम्मेलन के आखिरी दिन रविवार को भी उसमें भाग लिया और बाद में शाम को दिल्ली लौट गए।हालांकि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मेलन का शुक्रवार को उद्घाटन किया और वह सम्मेलन के तीनों दिनों इसमें मौजूद रहे। इस दौरान तीनों केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।सम्मेलन में देश में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनानेए आतंरिक सुरक्षाए साइबर सुरक्षाए कानून बदलने सजा और जुर्माना बढ़ाने तथा मानव तस्करी सहित अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न राज्यों के पुलिस महानिदेशकों ने अपने सुझाव एवं पक्ष रखा। सम्मेलन के समापन पर मोदीए शाह के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए पुलिस महानिदेशकों एवं महानिरीक्षकों ने सामूहिक फोटो भी खिंचवाया।

# 20 जनवरी से नहीं जा सकेंगे अयोध्या, बस और ट्रेन की बुकिंग हो रही कैंसिल



लखनउ। अयोध्या के राम मंदिर में भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होने जा रही है और इसके लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस समारोह के लिए साधु.संतों सहित वीवीआईपी और वीआईपी मेहमानों को आमंत्रण भेजा जा रहा है। वही आम लोगों को अयोध्या जाने के लिए रोक लगा दी गई है। प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन पूर्व से ही आम लोगों को अयोध्या जाने के लिए रोक लगा दी गई है।जिले के आम लोगों को अयोध्या आने पर होने वाली समस्या से बचाने के लिए यहां न आने की सलाह दी गई है और यहां आने से लोगों को आने से रोकने की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को दी गई है। बस व ट्रेन की बुकिंग भी कैंसल करने का निर्देश दिया गया है।

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस मौके पर राम लला के दर्शन के लिए देश.विदेश से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचना चाहते हैं। हालांकि प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दिग्गज हस्तियों के शामिल होने के कारण यहां प्रोटोकॉल लागू होगा। इस दिन अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत होगी। ठहरने के लिए होटलों और भोजनालयों में भी काफी भीड़ हो सकती है। ऐसे में अगर आप 22 जनवरी को अयोध्या जाने की सोच रहे हैं तो आपको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते 20, 21 व 22 जनवरी को आम लोगों के अयोध्या जाने पर रोक लगाई गई है। उन्होंने आगे बताया कि ग्राम प्रधान पंचायत सचिव और लेखपालों के माध्यम से उक्त तिथियां में जनपद वासियों को अयोध्या जाने से रोकने के लिए प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। बस व रेलवे की बुकिंग को भी उक्त तिथियों में निरस्त करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य जनपदों से आने वाले लोगों को भी उपरोक्त तिथियां में अयोध्या पहुंचने से रोकने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए गए हैं।इसके पूर्व 30 दिसंबर को अयोध्या दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक अपील की थी। पीएम मोदी ने अपील करते हुए कहा था कि 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। उन्होंने कहा था कि आपने 550 साल से अधिक समय तक इंतजार किया है। कुछ समय और इंतजार करें। हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी के आयोजन का हिस्सा बने और स्वंय वह अयोध्या आएं लेकिन 22 जनवरी को हर किसी के लिए अयोध्या आना संभव नहीं है। इसलिए रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को एक बार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद तय कार्यक्रम के तहत अयोध्या आएं। उन्होंने 22 जनवरी को अपने घरों में श्री राम ज्योति जलाने की अपील की थी।

# Wait zoon over, 2024 Tata Punch EV launches




The Punch EV will be offered in five broad trims, and like Tata's recent offering, each trim gets different colour optionsTata Motors has taken the wraps off its fourth electric vehicle offering, the Punch EV. Bookings for the carmaker's micro electric SUV are open and prices are expected to be announced later this month. The Punch EV will be offered in five broad trims and each of them get varying colour options as we have seen with Tata's recent launches. The Punch EV comes with two powertrain options: Standard and Long Range. While the standard option is offered across the range, the long range is limited to the top three.



## किन्नर समाज को मिला श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का न्योता

अजमेर। एक तरफ जहां अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां परवान पर है वहीं इसका उल्लास देश के गली मोहल्लों और गांव ढाणी तक पहुंच चुका है। अक्षत लेकर घर घर तक निमंत्रण दिया जा रहा है। भक्त भी नित नए तरीके से राम लला के प्रति आस्था जता रहे हैं।इसी क्रम में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं की टीम अयोध्या से आए पीले चावल लेकर देहलीगेट स्थित किन्नर समाज की हवेली पहुंची तो वहां उल्लास का वातावरण बन गया। रामलला के लिए मंगल गीत गाकर किन्नर समाज की ओर से आस्था प्रकट की गई। सभी कार्यकर्ताओं का तिलक कर उनकी आवभगत करने में कोई कसर नहीं छोडी।हवेली में मौजूद किन्नर संध्या बाईए रचना बाई और काजल बाई आदि को परिषद कार्यकर्ताओं ने पीले चावलए रामलला का दुपट्टा और अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर का चित्र भेंट किया। मंदिर निर्माण के लिए जब निधि समर्पण महाअभियान चलाया गया था तब भी किन्नर समाज ने उसमें बढचढकर भाग लिया था।

किन्नर किरण बाई ब्यावर ने अपनी गद्दी पर सभी को बुलाकर निधि समर्पण महाअभियान चलवाया। अब न्योते के रूप में पीले चावल पाकर किन्नर समाज में उल्लास का माहौल है।आगामी 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव किन्नर समाज भी मनाएगा।इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री शशिप्रकाश इंदौरियाए महानगर मंत्री संजय तिवारीए आनंद पुरोहितए राघवेन्द्र सिंहए दीपक काकानीए लोकेन्द्र दत्त मिश्राए जितेन्द्र सिंह शेखावतए रवि आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अजमेर सहित पुष्कर नगरी हुई भगवामय

अजमेर। पुष्कर विधायक सुरेश रावत के जल संसाधन मंत्री बनने के बाद पहली बार धार्मिक नगरी अजमेर पधारने पर जयपुर से अजमेर तक कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। पुष्कर सरोवर मे पूजा अर्चना व बह्रमा मंदिर दर्शन के बाद बूढ़ा पुष्कर रामघाट पहुचंने पर मण्डल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया व रावत ने बूढ़ा पुष्कर सरोवर में दुग्धाभिषेक करके रावत ने यहां के जिणोद्वार हेतु आवश्यक कार्य करवाये जायेगें।उन्होंने कहा कि जनता ने आशीर्वाद प्रदान करने के साथ विश्वास जताया है। आम जन की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कुशलतापूर्वक कार्य किया जाएगा।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 98879087277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# अजमेर में बनी 8 मशीनों से सीता रसोई अयोध्या में सिकेंगी रोटियां

अजमेर। अयोध्या में रामभक्तों के लिए बनने वाली भोजन प्रसादी में अजमेर में बनी 8 चपाती मेकिंग मशीन भी रोटियां सेकेंगी। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हरी झंडी दिखाकर मशीनों को रवाना किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के शशि प्रकाश इंदौरिया समेत बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



देवनानी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापना होगी। यह सपना सदियों से भारतीयों का रहा है। हम 500 साल तक संघर्ष करते रहे और हजारों कारसेवक शहीद हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह काम होने जा रहा है। भगवान गर्भ गृह में विराजेंगे। यह सभी का सौभाग्य है। धीरे.धीरे पूरा भारत राममय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल बनने जा रहा है। इस अवसर पर अजमेर वासियों की भी सहभागिता बन रही है।उन्होंने कहा कि अयोध्या की सीता भोजन शाला में बनने वाली रोटियों के लिए मशीनों को रवाना किया गया है। अजमेर से 8 मशीन भेजी गई है। इससे पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अजमेर के 50 कार्मिक भी वहां काम कर रहे हैं। यह अजमेर वासियों का सौभाग्य है।

एक बार में 1200 चपातियां बनेंगीः-मशीन निर्माता राजेश एवं मनीष शर्मा ने बताया कि अयोध्या से उन्हें संत गोपालदास की ओर से मशीनों का आर्डर मिला। एक मशीन एक बार में 1200 चपातियां बनाएगी। जिस पिकअप में मशीन भेजी गई हैए उसे सजाया गया। पूरे विधि विधान के साथ अयोध्या रवाना किया गया।

## प्रेमप्रकाश आश्रम में संत की नामकरण दीक्षा राजूराम बने संत रामप्रकाश

अजमेर। प्रेम प्रकाश आश्रम में संत रामप्रकाश का नामकरण दीक्षा समारोह धूमधाम से मनाया गया। आश्रम के संत राजूराम को उनकी त्याग तपस्या के बाद संत समाज ने नया नाम संत रामप्रकाश दिया है। वैशाली नगर चौरसियावास रोड पर स्थित आश्रम में आयोजित समारोह में भीलवाड़ा के महामण्डलेश्वर हंसराम महाराजए संत ब्रह्मानंद शास्त्री समेत संत समाज उपस्थित रहा। इस अवसर पर संतों के प्रवचन भी हुए।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि संतों के कथन पर चलने वाला समाज सदैव आगे बढ़ता है। युवाओं को संतों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा है। प्रत्येक सनातनी अपने घर पर दीपक जलाए।

देवनानी ने कहा कि संत जन समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। समाज और खासकर युवाओं को संतों का अनुकरण करना चाहिए। संतों के बताए मार्ग से ही देश और समाज की तरक्की संभव है। संत हमारे देश की महान परम्परा के ध्वज वाहक हैं वे अपनी वाणी जो 'योत जगा रहे हैंए उससे पूरा समाज आलोकित होता है।देवनानी ने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। यह एक महान कार्य है जिसके लिए हमने सदियों संघर्ष किया है। अब वह स्वपन पूरा होने जा रहा है। यह दिन भारतीयों और पूरे सनातन समाज के लिए गर्व का क्षण है। इस दिन प्रत्येक भारतीय अपने घर पर दीपक जलाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को समृद्ध सनातन संस्कृति पर गर्व है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बालिका ने बनाया श्रीराम का चित्र एवं मंदिर

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में दिव्यांग लेकिन हुनरमंद शख्सियत नन्दनी गौड़ ने अपने मुंह से पेंटिंग ब्रश का हुनर चलाकर एक साधारण से दीपक पर भगवान श्रीराम और मंदिर का चित्र बनाकर असाधारण काम किया है।अजमेर में अपने हुनर की जानकारी देते हुए स्थानीय चौरसियावास निवासी नन्दनी ने बताया कि वह माउथ आर्टिस्ट है और मुंह में पेंटिंग ब्रश थाम कर श्रीराम और मंदिर की चित्रकारी तैयार की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनना बड़ी बात है और वहीं से मुझे दीपक पर श्रीराम एवं मंदिर बनाने की प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि वे पहले भी इस तरह की चित्रकारी कर चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के सौ एपिसोड पूरे होने पर भी उसने मोदी का मुंह के हुनर से पेंटिंग तैयार की थीए जिसे सभी ने सराहा था। एक सवाल के जवाब में दोनों हाथ.पैरों से दिव्यांग नन्दनी ने स्वीकार किया कि यदि अयोध्या से समिति यह दीपक जो कि श्रीराम मंदिर युक्त है उन्हें सहजता से भेंट कर देगी।उन्होंने अपनी जिज्ञासा में बताया कि वे अपनी चित्रकारी की




प्रदर्शनी लगाना चाहती हैं और एक एनजीओ स्थापित कर हुनरमंद दिव्यांगों को प्लेटफार्म देना चाहती है। उन्होंने कहा कि वे अपने अंदर की कमी से विचलित नहीं हैंए परेशानी सबके जीवन में है।दिव्यांग बालिका ने बनाया श्रीराम का चित्र एवं मंदिरअजमेर। राजस्थान के अजमेर में दिव्यांग लेकिन हुनरमंद शख्सियत नन्दनी गौड़ ने अपने मुंह से पेंटिंग ब्रश का हुनर चलाकर एक साधारण से दीपक पर भगवान श्रीराम और मंदिर का चित्र बनाकर असाधारण काम किया है।

अजमेर में अपने हुनर की जानकारी देते हुए स्थानीय चौरसियावास निवासी नन्दनी ने बताया कि वह माउथ आर्टिस्ट है और मुंह में पेंटिंग ब्रश थाम कर श्रीराम और मंदिर की चित्रकारी तैयार की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनना बड़ी बात है और वहीं से मुझे दीपक पर श्रीराम एवं मंदिर बनाने की प्रेरणा मिली।

उन्होंने बताया कि वे पहले भी इस तरह की चित्रकारी कर चुकी है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के सौ एपिसोड पूरे होने पर भी उसने मोदी का मुंह के हुनर से पेंटिंग तैयार की थीए जिसे सभी ने सराहा था। एक सवाल के जवाब में दोनों हाथ.पैरों से दिव्यांग नन्दनी ने स्वीकार किया कि यदि अयोध्या से समिति यह दीपक जो कि श्रीराम मंदिर युक्त है उन्हें सहजता से भेंट कर देगी। उन्होंने अपनी जिज्ञासा में बताया कि वे अपनी चित्रकारी की प्रदर्शनी लगाना चाहती हैं और एक एनजीओ स्थापित कर हुनरमंद दिव्यांगों को प्लेटफार्म देना चाहती है। उन्होंने कहा कि वे अपने अंदर की कमी से विचलित नहीं हैंए परेशानी सबके जीवन में है।

# अजमेरवासी कर सकेंगे 100 अरब हस्तलिखित राम नाम महामंत्रों के साक्षात दर्शन

अजमेर। अयोध्या में मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में अजमेर में प्रस्तावित 100 अरब हस्तलिखित राम नाम महामंत्रों के साक्षात दर्शन और उनकी परिक्रमा में सहभागी बनने का आमजन को सुअवसर मिलेगा।आजाद पार्क में बनाई जाने वाली अयोध्या नगरी में 100 अरब हस्तलिखित राम नाम महामंत्रों का परिक्रमा महोत्सव मकरसंक्रांति 14 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा। नौ दिन तक चलने वाला यह भव्य आयोजन श्रीराम नाम महामंत्र परिक्रमा समारोह समिति अजयमेरूए श्रीराम नाम धन संग्रह बैंकए विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में होगा। आजाद पार्क को अयोध्या नगरी के रूप में सजाने का काम परवान पर है। विशाल डॉम तैयार करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि अजमेर के लिए ऐतिहासिक बनने वाले इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। आजाद पार्क की व्यवस्थाओं के लिए सम्पत सांखला व



डॉ प्रियशील हाडाए पूछताछ समिति में मोहन खण्डेलवालए कैलाश भाटीए गौरवए सुभाष शर्माए धर्मपाल जाटव। मंच व्यवस्था में समिति हरी चन्दनानीए प्रेम केवलरमानी सिन्धी समाज महासमितिए मयंक सुरेश शर्मा सहयोगी रहेंगे।इसी तरह पार्किंग समिति में विमल काबराए केशव माधव परमार्थ मण्डल। पाण्डाल व्यवस्था में दुर्गाप्रसाद शर्माए रामस्वरूप कुडीए विक्रम राठौड़ए शेलेन्द्र सिंह परमार शामिल है। पदवेश व्यवस्था मोनू संभालेंगे। प्रसाद वितरण व्यवस्था पंण् लक्ष्मण शर्माए सत्यनारायणए राकेश वर्माए लालचन्द के जिम्मे रहेगी।प्रतिदिन होने वाले सुन्दरकाण्ड की व्यवस्था शिवरत्न वैष्णवए शंकर सिंह राठौड़ देखेंगे। सन्त महात्मा सत्कार व्यवस्था का जिम्मा लेखराजए उमेश गर्गए भारती श्रीवास्तवए अभिलाषा को सौंपा गया है।

आरती व्यवस्था में पंण् संतोष शर्माए केके शर्माए लोकेश भिण्डा तथा वित्त समिति में सत्यनारायण भंसालीए मीना शर्माए विष्णु अवतार भार्गव रहेगा।पेयजल व्यवस्था मुकेश डीडवानियां व झरनेश्वर महादेव मण्डलीए चाय व स्टॉल व्यवस्था महेन्द्र जैन मित्तल व अशोक टाकए रामोत्सव कार्यक्रम ललित शर्मा व गोपी रानीए रंगोली व्यवस्था योगबाल वैष्णव व संजय सेठी सामाजिक समरसता सम्पर्क सेवा भारतीए साज.स'जा समिति विनीता जैमनए स्वच्छता व रख.रखाव समिति राम धनवानी व मुकेश खीचींए विद्युत समिति में विनीत जैन व भोलानाथ आचार्य को जिम्मा सौंपा गया।मंच संचालक मण्डल में दिलीप पारीकए वृतिका शर्माए माधवी स्टीफन तथा प्रचार प्रसार व्यवस्था में विनीत लोहियाए विजय सिंह मौर्यए महेन्द्र कुमार तीर्थाणी को शामिल किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277